SUCCESS CAMPUS
COMPETITIVE CLASSES
way of success
Trimurti complex, oriental bank, Bus stand, jhumri telaiya

**1.** दिए गए कथनों पर विचार करें और ये तय करें कि निष्कर्षों में से कौन-सा तर्क दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है।

**कथन :**

कुछ कौवे मोर हैं।

सभी मोर बतख हैं।

कुछ बतख कबूतर हैं।

**निष्कर्ष :**

1. कुछ बतख कौवें हैं।
2. कुछ कबूतर मोर हैं।

(A) केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।
(C) या तो निष्कर्ष 1 या 2 अनुसरण करते है।
(D) दोनों निष्कर्षों 1 और 2 अनुसरण करते हैं।

**2.** नीचे लिखी व्यवस्था में कितने ऐसे अक्षर हैं जिनके ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक अक्षर है ?

**Q@A3RI4*6T4W4O2^E$6S**

(A) चार (B) एक
(C) तीन (D) दो

**3.** तर्क पर ध्यानपूर्वक विचार करें और निर्णय करें कि इसमें नीचे दी गई कौन-सा अनुमान निहित है/हैं।

**तर्क :**


भीषण शीतलहर के चलते सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी विद्यालयों को एक सप्ताह तक बंद रखने का आदेश दिया है।

**अनुमान :**

1. शीतलहर एक सप्ताह तक जारी रह सकती है।
2. चिंतित माता-पिता अपने बच्चों को एक सप्ताह के बाद भी स्कूल शायद नहीं भेजें।

(A) केवल अनुमान 1 निहित है
(B) न तो 1 और न ही 2 निहित है
(C) केवल अनुमान 2 निहित है
(D) 1 और 2 दोनों निहित हैं

**4.** निम्नलिखित क्रम में से भिन्न चित्र का चयन करें।



1 2 3 4 5

(A) 2 (B) 1
(C) 4 (D) 5

**5.** दी गई संबंधित जोड़ी के आधार पर रिक्त स्थान भरें।

**GULF : 519104 : : WINE : ?**

(A) 217124 (B) 217132
(C) 217321 (D) 217123

**6.** Z की वर्तमान आयु 55 वर्ष है। यदि 11 वर्ष पूर्व, C की आयु Z की आयु का 1/11 थी, तो कितने वर्ष पश्चात C की आयु 37 वर्ष हो जाएगी ?

(A) 22 (B) 20
(C) 17 (D) 15

**7.** दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके **नहीं** बनाया जा सकता है।

**Mindboggling**

(A) Dog (B) Going
(C) Mid (D) Might

**8.** एक विशिष्ट कोड भाषा में, "SLOPE" को "54973" लिखा जाता है तथा "CRAMP" को "18627" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में "PROMO" को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) 76828 (B) 96838
(C) 76939 (D) 78929

**9.** किसी निश्चित कोड भाषा में '÷' , '+' को प्रदर्शित करता है, '–', '×' को प्रदर्शित करता है, '+', '÷' को प्रदर्शित करता है और '×', '–' को प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात करें।

**1 × 16 ÷ 15 – 10 + 6 = ?**

(A) 42 (B) 19
(C) 30 (D) 10

**10.** निम्नलिखित समीकरण गलत है। इस समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में अदला-बदली करना चाहिए ?

**12 – 12 ÷ 25 × 10 + 10 = 25**

(A) – और + (B) ÷ और ×
(C) × और – (D) + और ÷

**11.** यदि 5*9 = –45, –3*7 = 21 और –2*3 = 6, तो 3*–7 का मान ज्ञात करें।

(A) –54 (B) –11
(C) –8 (D) 21

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई सूची के क्रम के अनुसार है ?

**YXXXXXXY, YXXXXXYX, YXXXXYXX, YXXXYXXX, YXXYXXXX, _____.**

(A) YYXXXXXX (B) YXXXXXXY
(C) YXXXXXYX (D) YXYXXXXX

**13.** दिन भर काम करने के बाद दो ग्रामीण महिलाएँ घर वापस आ रही हैं। पहली महिला पश्चिम की ओर 1.5 किमी. चलती है, फिर अपने दाएँ तरफ मुड़ती है और अपने घर तक पहुँचने के लिए आगे 3 किमी. तक चलती है। इस बीच दूसरी महिला उत्तर की ओर 1 किमी. चलती है, फिर वह पूर्व दिशा में मुड़ जाती है और आगे 3.5 किमी. चलती है, फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ जाती है और अपने घर पहुँचने के लिए आगे 2 किमी. तक चलती है। दूसरी महिला के घर के संबंध में पहली महिला का घर कहाँ है ?

(A) 2 किमी. पश्चिम (B) 5 किमी. पूर्व
(C) 5 किमी. पश्चिम (D) 2 किमी. पूर्व

**14.** प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गये हैं। आपको मानना है कि दोनों कथन सत्य हैं चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से कथन द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो।

**कथन :**

I. सभी नोटबुक डायरियाँ होती हैं।

II. सभी पुस्तक नोटबुक होती हैं।


**निष्कर्ष :**

I. सभी डायरियाँ पुस्तक होती हैं।

II. सभी पुस्तक डायरियाँ होती हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I सही है
(B) केवल निष्कर्ष II सही है
(C) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं
(D) ना तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है

**15.** निम्नलिखित आकृति में, आयत ब्रांड मैनेजर्स को प्रदर्शित करता है, वृत्त कार्टूनिस्ट को प्रदर्शित करता है, त्रिभुज मूर्तिकारों को प्रदर्शित करता है और वर्ग पिताओं को प्रदर्शित करता है। अक्षरों का कौन-सा समूह उन पिताओं को प्रदर्शित करता है जो या तो ब्रांड मैनेजर्स हैं या कार्टूनिस्ट हैं ?




(A) GDF (B) FDB
(C) BCG (D) FDH

**16.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।

**MPK, NRN, OTQ, PVT, ?**

(A) QXW (B) PYY
(C) PYX (D) QXY

**17.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

**108, 81, 54, 27, ?**


(A) –1 (B) –5
(C) 0 (D) 2

**18.** नीचे दिए गए प्रश्न में, तीन संख्याओं के चार समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में दूसरी तथा तीसरी संख्या पहली संख्या से किसी एक तर्क/नियम से संबंधित है। तीन उसी एक तर्क/नियम के आधार पर समान हैं। दिए गए विकल्पों में से भिन्न को चुनिए।


(A) (5, 19, 9) (B) (7, 29, 13)
(C) (15, 59, 29) (D) (12, 47, 23)

**19.** यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए तो दी गयी उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?

**प्रश्न आकृति :**





**उत्तर आकृतियाँ :**




(A) (B) (C) (D)

**20.** निम्नलिखित उत्तर आकृति में से कौन-सा घन दिए गए प्रश्न आकृति में से खुले घन से बनाया **नहीं** जा सकता?

**प्रश्न आकृति :**



**उत्तर आकृतियाँ :**




**21.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों को चुनिए।

**YONEX : DUUMG : : JASPO : ?**

(A) OGZXX (B) OXXZF
(C) OZTYY (D) OZXXG

**22.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या-समूह को चुनिए।

(A) (143, 64) (B) (232, 49)
(C) (719, 289) (D) (462, 169)

**23.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

**19, 11, 13, 16, 15, 17, 13, 19, 21, ?**

(A) 10 (B) 11
(C) 12 (D) 15

**24.** पुनीत बिन्दु R से पश्चिम दिशा में 10 किमी. सीधा चला, फिर वह दायें मुड़कर 12 किमी. चला तथा पुन: दायें मुड़कर 7 किमी. सीधा चला। वह बिन्दु R से किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पूर्व (B) उत्तर-पश्चिम
(C) दक्षिण-पूर्व (D) दक्षिण-पश्चिम

**25.** एक विशिष्ट कोड भाषा में, 'PUNISHED' को '288' तथा 'TAILOR' को '225' लिखा जाता है। इस कोड भाषा में 'RELEASED' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?


(A) 207 (B) 237
(C) 225 (D) 243

**26.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से किन प्रतीक चिह्नों का प्रयोग करने से दिया गया समीकरण सही हो जाएगा ?

**15 _ 3 _ 4 _ 20**

(A) ×, ÷ तथा > (B) +, × तथा <
(C) +, × तथा = (D) +, × तथा =

**27.** नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(A) 38 (B) 44
(C) 46 (D) 54

**28.** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालांकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।

**कथन :**


I. सभी गुफाएँ सर्पिलाकार हैं।
II. कुछ सर्पिलाकार कार्ड हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ सर्पिलाकार कार्ड नहीं हैं।
II. कुछ गुफाएँ कार्ड नहीं हैं।
III. कुछ कार्ड गुफाएँ हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I और निष्कर्ष II सही है।
(B) केवल निष्कर्ष III सही है।
(C) सभी निष्कर्ष सही हैं।
(D) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।


**29.** नीचे एक घन की तीन अवस्थाएँ दर्शायी गयी हैं। अक्षर 'B' के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर आयेगा ?




(A) C (B) D
(C) F (D) G

**30.** वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच के संबंध का सही निरूपण करता है।

**व्यावसायिक, प्रमाणिक सरकारी लेखाधिकारी, महिला**



(A) (B) (C) (D)

**31.** एक संख्या 63 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल 26 के रूप में प्राप्त होता है। जब उसी संख्या को 3 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल क्या होगा?

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 5

**32.** '?' का मान ज्ञात कीजिए–

$$\left(1-\frac{1}{2}\right)\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)...\left(1-\frac{1}{n}\right)=?$$

(A) $2/n$ (B) $1/n^2$
(C) $1/n$ (D) $2/n^2$

**33.** यदि $x^2+4y^2+z^2-4x-2z+5=0$ है, तो $\frac{y^{15}+x^5}{z^{14}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 32 (B) 46
(C) 58 (D) 60

**34.** यदि $x+\frac{1}{x}=\frac{7}{\sqrt{6}}$ और $x>\frac{1}{x}$ है तो $\left(x^3-\frac{1}{x^3}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) $-\frac{215}{6\sqrt{6}}$ (B) $-\frac{215}{\sqrt{6}}$

(C) $\frac{215}{\sqrt{6}}$ (D) $\frac{215}{6\sqrt{6}}$

**35.** यदि चतुर्भुज के चार कोण $(6x-18)$, $(80-4x)$, $(4x+14)$, $(12x-58)$ हैं, तो चतुर्भुज के सबसे छोटे कोण का मान ज्ञात कीजिए।

(A) $4^\circ$ (B) $10^\circ$

(C) $18^\circ$ (D) $20^\circ$

**36.** मान लें कि त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल 24 वर्ग इकाइयों के बराबर है। भुजा AB, BC, CA के मध्य बिंदुओं को मिलाने से बनाने वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल (वर्ग इकाइयों में) ज्ञात कीजिए।

(A) 6 (B) 12

(C) 18 (D) 24

**37.** यदि A, B से 50% अधिक है, तो B, A का कितना प्रतिशत है ?

(A) 66.66 (B) 33.33

(C) 150 (D) 75

**38.** C तथा D की आय का अनुपात 3 : 2 है। D तथा E की आय का अनुपात 5 : 4 है। यदि C की आय का एक-तिहाई, E की आय के आधे भाग से 4000 रु. अधिक है, तो D की आय (रु. में) क्या है ?

(A) 40000 (B) 43000

(C) 50000 (D) 60000

**39.** A, B तथा C एक व्यापार शुरू करते हैं तथा उनके निवेश का अनुपात 8 : 5 : 3 है। यदि अंत में उनके लाभ का अनुपात 4 : 15 : 6 है, तो उनके निवेश की समय अवधि का अनुपात क्या है ?

(A) 1 : 6 : 5 (B) 2 : 3 : 4

(C) 1 : 6 : 4 (D) 2 : 6 : 3

**40.** 5 विषयों में से, प्रथम 3 विषयों में राकेश के औसत अंक 79 थे तथा अँतिम 3 विषयों में औसत अंक 86 थे। यदि तीसरे विषय में उसके अंक 80 थे, तो सभी 5 विषयों में उसके औसत अंक कितने थे ?

(A) 81 (B) 82

(C) 83 (D) 85

**41.** एक निश्चित राशि साधारण ब्याज की एक दर से 15 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाती है। समान साधारण ब्याज दर से वह कितने वर्षों में स्वयं का 5 गुनी हो जाएगी ?

(A) 45 (B) 37.5

(C) 75 (D) 60

**42.** रमेश एक वस्तु को 5% की हानि पर बेचता है। यदि वह उसे 30% कम मूल्य में खरीदता है तथा 38.5 रु. कम में बेचता, तो उसका लाभ 20% होगा। वस्तु का क्रय मूल्य (रु. में) क्या है ?

(A) 450 (B) 300

(C) 350 (D) 250

**43.** यदि अंकित मूल्य तथा विक्रय मूल्य का अनुपात 11 : 10 है, तो छूट प्रतिशत क्या है ?

(A) 11.11 (B) 17.28

(C) 12.5 (D) 9.09

**44.** यदि $\sqrt{42}$ का निकटतम मान 6.480 है, तो $\sqrt{(6/7)}$ का निकटतम मान क्या है ?

(A) 0.925 (B) 0.935

(C) 0.945 (D) 0.955

**45.** रोबिन एक कार्य को 10 घंटे में कर सकता है। प्रदीप तथा रोबिन मिलकर उसी कार्य को 4 घंटे में कर सकते हैं। प्रदीप तथा नितिन मिलकर उसी कार्य को 5 घंटे में कर सकते हैं। नितिन अकेला उसी कार्य को कितने घंटे में पूरा कर सकता है ?

(A) 12 (B) 15


(C) 18 (D) 20

**46.** दो रेलगाड़ियाँ M तथा N स्टेशन से चलती हैं। दोनों रेलगाड़ियाँ क्रमशः 54 किमी./घंटा तथा 63 किमी./घंटा की गति से एक-दूसरे की ओर चलती हैं। जब वे एक-दूसरे से मिलती हैं, दूसरी रेलगाड़ी पहली वाली की अपेक्षा 100 किमी. अधिक यात्रा करती है। M तथा N के मध्य की दूरी (किमी. में) क्या है ?

(A) 600 (B) 700

(C) 1300 (D) 1500

**निर्देश–(प्रश्न 47-50) :** यह बार ग्राफ से एक कंपनी के विभिन्न विभागों की वार्षिक बिक्री को दर्शाता है। इस आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।




**47.** किस विभाग की दूसरी उच्चतम वार्षिक बिक्री होती है?

(A) D (B) A

(C) B (D) F

**48.** विभाग B और विभाग F की वार्षिक बिक्री का अनुपात क्या है ?

(A) 12 : 7 (B) 7 : 12

(C) 12 : 5 (D) 5 : 12

**49.** विभाग F की वार्षिक बिक्री विभाग A की तुलना में ............... से कम है।

(A) 150% (B) 30%

(C) 75% (D) 42.8%

**50.** अगर कंपनी में केवल 7 विभाग है तो कंपनी की वार्षिक लाभ क्या है (लाख रुपये में), यदि वार्षिक लाभ कंपनी की कुल वार्षिक बिक्री का 10% होती है ?

(A) 250 (B) 25

(C) 240 (D) 24

**51.** एक आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 15 सेमी. और 8 सेमी. है। इसका क्षेत्रफल (वर्ग सेमी. में) ज्ञात करें।

(A) 240 (B) 208

(C) 416 (D) 120

**52.** एक वृत्त का क्षेत्रफल 38.5 वर्ग सेमी. है। इसकी परिधि (सेमी. में) ज्ञात करें।

(A) 44 (B) 24

(C) 48 (D) 22

**53.** 42 सेमी. व्यास और 14 सेमी. ऊँचाई वाले एक लम्ब वृत्तीय बेलन के वक्र सतह का क्षेत्रफल (वर्ग सेमी. में) ज्ञात करें।

(A) 1848 (B) 1716

(C) 1621 (D) 1587

**54.** $\Delta DEF$ में E पर समकोण है। यदि $\angle F = 45^\circ$ है, तो $\left(\operatorname{cosec} D - 1/\sqrt{3}\right)$ का मान ज्ञात करें।

(A) $\left(\sqrt{6}-1\right)/\sqrt{3}$ (B) $\left(1-\sqrt{6}\right)/\sqrt{2}$

(C) $\sqrt{3}-2$ (D) $\left(2-\sqrt{3}\right)/2\sqrt{3}$

**55.** $\Delta DEF$ में E पर समकोण है। यदि $\tan D = 4/3$, तो $\tan F$ का मान क्या है ?

(A) 3/4 (B) 5/3

(C) 4/5 (D) 4/3

**56.** अमर एक कार्य को 30 दिनों में पूरा कर सकता है तथा रमन उसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि दोनों मिलकर कार्य करें, तो 4 दिनों में कुल कार्य का कितना प्रतिशत कार्य पूरा हो जायेगा ?

(A) 15 (B) 37

(C) 40 (D) 45

**57.** एक समलंब की दो समांतर भुजाओं की लम्बाई 21 सेमी. तथा 9 सेमी. है। यदि उसकी ऊँचाई 1 0 l e h - g ²ß में) कितना होगा ?

(A) 35 (B) 75

(C) 150 (D) 225

**58.** 20%, 10% तथा 30% की तीन क्रमिक छूटों की निवल (नेट) छूट प्रतिशत क्या होगी ?
(A) 45.2 (B) 49.6
(C) 54.6 (D) 50.4

**59.** तीन समान क्षमता की बोतलों में दूध तथा पानी के मिश्रण का अनुपात क्रमशः 5 : 7, 7 : 9 तथा 2 : 1 है। इन तीन बोतलों को एक बड़ी बोतल में खाली कर दिया जाता है। नये मिश्रण में दूध का प्रतिशत कितना है ?
(A) 49.6 (B) 52.3
(C) 51.2 (D) 50.7

**60.** सात मित्रों में से प्रत्येक ने एक प्रोजेक्ट पर 14 रु. खर्च किए हैं तथा आठवें मित्र ने सभी आठ के औसत खर्च से 21 रु. ज्यादा खर्च किए हैं। उनके द्वारा खर्च की गई कुल राशि (रु. में) कितनी है ?
(A) 133 (B) 136
(C) 141 (D) 155

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक एम-1 (M-1) का घटक है?
(A) बचत जमा (B) क्रेडिट कार्ड
(C) चेकेबल जमा (D) सोना

**62.** अदृश्य निर्यात का अर्थ है ........... का निर्यात।
(A) सेवाओं (B) निषिद्ध वस्तुएँ
(C) प्रतिबंधित वस्तुएँ
(D) ओजीएल सूची के अनुसार वस्तुएँ

**63.** अर्जेंटीना के पम्पास क्षेत्र में उरुग्वे की ओर से चलने वाली तेज ठंडी हवाओं को क्या कहा जाता है ?
(A) लेवांट (B) पैम्पीरो
(C) हरमट्टन (D) काराबुरान

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा नगर किसी नदी के तट पर **नहीं** बसा है ?
(A) सूरत (B) कटक
(C) भोपाल (D) मैसूर

**65.** निम्नलिखित मुगल बादशाहों में से किसने अपनी आत्मकथा फारसी में लिखी ?
(A) बाबर (B) अकबर
(C) जहांगीर (D) औरंगजेब

**66.** निम्नलिखित में से किस वर्ष 'कास्ट डिसऐबिलिटिज एक्ट' पारित किया गया था ?
(A) 1850 (B) 1860
(C) 1863 (D) 1876

**67.** सिखों के 10वें गुरु गोविन्द सिंह किसके पुत्र थे ?
(A) गुरु नानक देव (B) गुरु अर्जुन देव
(C) गुरु रामदास (D) गुरु तेग बहादुर

**68.** ध्वनि के संचरण को किसी माध्यम में ........ परिवर्तन के संचरण की तरह देखा जा सकता है।
(A) प्रत्यास्थता (B) श्यानता
(C) घनत्व (D) सरंध्रता

**69.** दिन के समय हवा की दिशा .......... होती है।
(A) समुद्र से स्थल की ओर
(B) स्थल से समुद्र की ओर
(C) घाटियों से पर्वतों की ओर
(D) पर्वतों से घाटियों की ओर

**70.** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (World day against child labour) हर वर्ष मनाया जाता है?
(C) 12 जून को (A) 10 जून को
(D) 11 जून को (B) 09 जून को

**71.** हाइड्रोजनीकरण प्रक्रिया निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(A) रबर (B) पेट्रोलियम
(C) ताँबा (D) खाद्य वसा

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व सामान्यतः रेडियोसक्रिय **नहीं** है ?
(A) थोरियम (B) पोलोनियम
(C) जर्मेनियम (D) प्लूटोनियम

**73.** भारतीय संसदीय प्रणाली में, ग्राम पंचायत कितने वर्षों के लिए चुनी जाती है ?
(A) दो वर्ष (B) तीन वर्ष
(C) चार वर्ष (D) पाँच वर्ष

**74.** सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के अंतर्गत, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, किस आयु के लोगों को मत देने का अधिकार होता है ?
(A) 16 वर्ष तथा उससे अधिक
(B) 17 वर्ष तथा उससे अधिक
(C) 18 वर्ष तथा उससे अधिक
(D) 21 वर्ष तथा उससे अधिक

**75.** पुष्प का कौन-सा भाग परागण बनाता है जो कि सामान्यतः पीले रंग के होते हैं ?
(A) बाह्यदल (B) पंखुड़ी
(C) पुंकेसर (D) स्त्रीकेसर

**76.** केंद्र सरकार ने हाल ही में, किसे पुनःराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) नियुक्त किया है?
(A) सुबेदानंद सरस्वती (B) अजीत डोभाल
(C) अजमल शाह (D) तरुण बैसला

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से समीकरण सही नहीं है/हैं ?
I. एन.आई. = एन.डी.पी. + निवल विदेशी आय
II. जी.एन.पी. = जी.डी.पी. + निवल विदेशी आय
III. एन.डी.पी. = जी.एन.पी. – अवमूल्यन
(A) केवल I तथा II (B) केवल III
(C) केवल II तथा III
(D) केवल II

**78.** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की नियुक्ति कितने वर्षों के लिए की जाती है ?
(A) 2 (B) 4
(C) 6 (D) 5

**79.** भारत के आकस्मिकता निधि का संरक्षक कौन है ?
(A) प्रधानमंत्री
(B) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(C) राष्ट्रपति (D) वित्त मंत्री

**80.** इनमे से कौन हाल ही में, जापान के 126वें सम्राट बने है?
(A) फुलेसको (B) नारोहितो
(C) जोंड़ो (D) लियोम्पार्ड

**81.** कौन व्यक्ति हाल ही में, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले HIV संक्रमित पर्वतारोही बने है?
(C) देवेश नागर (A) रामनरेश कुमार
(D) गजेन्द्र त्रिपाल (B) गोपाल श्रेष्ठ

**82.** निम्नलिखित में से कौन-से ग्रह को 'पृथ्वी का जुड़वाँ' भी कहा जाता है ?
(A) बुध (B) शुक्र
(C) बृहस्पति (D) शनि

**83.** निम्नलिखित में से किस काल्पनिक रेखा के द्वारा समान वर्षा स्तर वाले स्थानों को जोड़ा जाता है ?
(A) समोच्च रेखाएँ (B) समगंभीरता रेखाएँ
(C) समवर्षा रेखाएँ (D) समताप रेखाएँ

**84.** निम्न में से कौन राजस्थान का मरु जिला **नही** है ?
(A) कोटा (B) बाड़मेर
(C) जैसलमेर (D) चुरू

**85.** 'भारत एक धनी देश है, किन्तु गरीब लोग यहाँ निवास करते हैं।' इस कथन का तात्पर्य है–
(A) सरकार के हाथ में बहुत सोना है, परन्तु लोग गरीब हैं
(B) आय असमानताएँ बहुत अधिक हैं
(C) लोग निष्क्रिय हैं एवं कठोर परिश्रम नहीं करते हैं
(D) देश में भरपूर एवं सुविस्तृत साधन हैं, किन्तु उनके ठीक-ठीक प्रयोग नहीं है

**86.** स्तंभ I को स्तंभ II से सुमेलित कीजिए एवं निम्न में दिये गये कूटों से सही उत्तर को चुनिये–

| स्तंभ I | स्तंभ II |
|---|---|
| (a) नदी | 1. सरिस्का |
| (b) पठार | 2. सिंगरौली |
| (c) पशु विहार (वन्य जीव-जन्तु) | 3. भीमा |
| (d) खनन | 4. हदौती |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**87.** लक्षद्वीप के द्वीप समूहों के बनने का कारण ......... है।
(A) ज्वालामुखी क्रियाकलाप
(B) तरंग क्रिया
(C) समुद्र तल का विस्तार
(D) समुद्री चट्टान निर्माण

**88.** कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस एक पर से होकर नहीं गुजरती है ?
(A) गुजरात (B) उड़ीसा
(C) त्रिपुरा (D) पश्चिम बंगाल

**89.** निम्नलिखित में से कौन एक बिहार एवं उत्तर प्रदेश की संयुक्त परियोजना है ?
(A) भाखड़ा नंगल
(B) दामोदर घाटी परियोजना
(C) गण्डक
(D) कोसी

**90.** अति उपजाऊ भूमि किस राज्य में है ?
(A) राजस्थान (B) पंजाब
(C) उत्तर प्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

**91.** एक लड़की झूले में बैठकर झूल रही है। यदि लड़की एकाएक खड़ी हो जाए तो दोलन काल–
(A) कम हो जाएगा (B) बढ़ जाएगा
(C) अपरिवर्तित रहेगा (D) दोलन रूक जाएंगे

**92.** न्यूटन के गति के प्रथम नियम से किस राशि की परिभाषा मिलती है ?
(A) त्वरण (B) बल
(C) ऊर्जा (D) एक समान गति

**93.** विभवान्तर मापने के लिए प्रयुक्त युक्ति को जाना जाता है-
(A) विभवमापी (B) ऐमीटर
(C) वोल्टामापी (D) गैल्वेनोमीटर

**94.** एंगस्ट्राम क्या मापता है ?
(A) आवृत्ति (B) तरंगदैर्घ्य
(C) आवर्तकाल (D) समय

**95.** निम्नलिखित में कौन-सी वेक्टर राशि है ?
(A) बल (B) चाल
(C) ऊर्जा (D) तापमान

**96.** अदिश एक प्रमात्रा है जिसमें परिणाम होता है, लेकिन क्या नहीं होता है ?
(A) इकाई (B) द्रव्यमान
(C) दिशा (D) उपर्युक्त सभी

**97.** एक लड़के का भार पृथ्वी पर 600 N है, तो इसका चंद्रमा पर भार होगा ?
(A) 600 N (B) 3600 N
(C) शून्य (D) 100 N

**98.** गुरुत्वीय त्वरण 'g' का मान होता है-
(A) 9.8 मीटर/सेकण्ड$^2$ (B) 98 मीटर/सेकण्ड$^2$
(C) 4 मीटर/सेकण्ड$^2$
(D) 0.098 मीटर/सेकण्ड$^2$

**99.** 5 किलोवाट की विद्युत मोटर 6 घंटा प्रतिदिन कार्य करती है। एक सप्ताह में व्यय ऊर्जा होगी–
(A) 105 किलोवाट घंटे
(B) 210 वाट घंटे
(C) 405 वाट घंटे (D) 210 किलोवाट घंटे

**100.** बंद कमरे की खिड़की में एक छोटा छिद्र कमरे से बाहर की वस्तुओं का कमरे की सामने की दीवार पर उल्टा प्रतिबिम्ब बनाता है, इसका कारण है-
(A) प्रकाश की किरण का छिद्र में प्रवेश के पश्चात् पार्श्व परिवर्तन (lateral inversion) हो जाता है
(B) प्रकाश का ऋतुरेखीय संचरण (rectilinear propagation)
(C) छिद्र का उत्तल लेंस (convex lens) के रूप में कार्य करना
(D) छिद्र का प्रिज्म के रूप में कार्य करना

SUCCESS CAMPUS
COMPETITIVE CLASSES
way of success
Trimurti complex, oriental bank, Bus stand, jhumri telaiya

# उत्तर (Answers)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (A) | 4. (C) |
| 5. (D) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (D) |
| 9. (D) | 10. (D) | 11. (D) | 12. (D) |
| 13. (C) | 14. (B) | 15. (B) | 16. (A) |
| 17. (C) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (B) |
| 21. (A) | 22. (D) | 23. (A) | 24. (B) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (B) | 28. (D) |
| 29. (D) | 30. (B) | 31. (B) | 32. (C) |
| 33. (A) | 34. (D) | 35. (A) | 36. (A) |
| 37. (A) | 38. (A) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (D) | 42. (C) | 43. (D) | 44. (A) |
| 45. (D) | 46. (C) | 47. (A) | 48. (A) |
| 49. (B) | 50. (A) | 51. (D) | 52. (D) |
| 53. (A) | 54. (A) | 55. (A) | 56. (C) |
| 57. (C) | 58. (B) | 59. (D) | 60. (B) |
| 61. (C) | 62. (A) | 63. (B) | 64. (C) |
| 65. (C) | 66. (A) | 67. (D) | 68. (C) |
| 69. (A) | 70. (C) | 71. (D) | 72. (C) |
| 73. (D) | 74. (C) | 75. (C) | 76. (B) |
| 77. (B) | 78. (C) | 79. (C) | 80. (B) |
| 81. (B) | 82. (B) | 83. (C) | 84. (A) |
| 85. (D) | 86. (B) | 87. (D) | 88. (B) |
| 89. (C) | 90. (B) | 91. (A) | 92. (B) |
| 93. (A) | 94. (B) | 95. (A) | 96. (C) |
| 97. (D) | 98. (A) | 99. (D) | 100. (B) |